- भारत में 'रीजनल ट्रांजिट रैपिड रेल का कार्य प्रगति पर है जो दिल्ली-मेरठ, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत के बीच चलेंगी। विदित हो कि रैपिड रेल हाईस्पीड रेल होती है जिसमें हवा के दबाव को कम करने के लिए ट्रेन के आगे के भाग को एयरोडायनमिक बनाया जाता है। इसके अलावा इसमें दरवाजे हवाई जहाज की तरह प्लगइन होते हैं जिससे दरवाजा बंद होने के बाद हवा बाहर से अंदर नहीं जा पाती है।

लाइट रैपिड रेल (मेट्रोलाइट)

- इसे अपग्रेडेड ट्राम और डाउन ग्रेडेड मेट्रो कहा जा सकता है। इसे भारत में कम राइडरशिपर वाले शहरों को मेट्रो सिस्टम वाले शहरों से जोड़ा जा रहा है। यह प्रणाली केवल जमीन पर बनाई जाएगी और इसमें रेलवे ट्रैक होंगे जो बाड़ या दीवार से अलग होंगे।

भारत गौरव ट्रेन

(Bharat Gaurav Train)

- 23 नवंबर, 2021 को केंद्रीय रेल मंत्रालय ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए '<u>भारत गौरव ट्रेन</u>' की शुरुआत की। इस योजना के तहत निजी टूर ऑपरेटर रेलवे से लीज पर ट्रेनें ले सकते हैं और इस ट्रेन को अपनी पसंद की किसी भी सर्किट पर चला सकते हैं।
- इस ट्रेन की बुकिंग कराने वाली संस्था अपनी इच्छानुसार डिजाइन (साज-सज्जा) करा सकती है। वह ट्रेन के बाहर व भीतर दोनों ओर विज्ञापन और ब्रांडिग लगा सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि सेवा प्रदाता सिख संस्कृति के महत्त्वपूर्ण स्थानों को कवर करने के लिए 'गुरुकृपा ट्रेन' भगवान श्रीराम से जुड़े स्थानों के लिए 'रामायण ट्रेन' आदि जैसी विषयवस्तु तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
- भारत गौरव ट्रेन का संचालन निजी क्षेत्र और आईआरसीटीसी दोनों कर सकते हैं।
- ये ट्रेनें भारत की संस्कृति और धरोहर को दर्शाएंगी।
- विषय (Theam) आधारित ट्रेनों के लिए 190 ट्रेनों को चिह्नित किया गया है।

रामायण सर्किट

- यह ट्रेन यात्रियों को भगवान राम से जुड़े सभी धार्मिक स्थलों के दर्शन कराती है। जिसका पहला पड़ाव अयोध्या और अंतिम पड़ाव रामेश्वरम है।
- रामायण सर्किट भारत के 10 राज्यों के 15 प्रमुख तीर्थस्थलों {1. अयोध्या, शृंगवेरपुर और चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) 2. सीतामढ़ी, बक्सर और दरभंगा (बिहार) 3. चित्रकूट (मध्य प्रदेश) 4. जगदलपुर (छतीसगढ़) 5. नंदीग्राम (पश्चिम बंगाल) 6. महेंद्रगिरी (ओडिशा) 7. भद्राचलम (तेलंगाना) 8. रामेश्वरम (तमिलनाडु) 9. हम्पी (कर्नाटक) 10. नासिक और नागपुर (महाराष्ट्र)}और नेपाल के जनकपुर का दर्शन कराती है।

ऑक्सीजन एक्सप्रेस

- कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के बीच ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाया गया। जून,2021 में रेल मंत्रालय के अनुसार भारतीय रेलवे ने 1734 से अधिक टैंकरों में करीब 20,182 मीट्रिक टन एलएमओ देश के विभिन्न राज्यों में पहुंचाया। जून, 2021 तक कुल 421 ऑक्सीजन एक्सप्रेस अपना सफर पूरा कर चुकी हैं। विदित हो कि भारत की पहली ऑक्सीजन एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से नागपुर के बीच चली थी।

निजी ट्रेनें

- तेजस एक्सप्रेस : अहमदाबाद से मुंबई (प्रथम)
- तेजस एक्सप्रेस : नई दिल्ली से लखनऊ (द्वितीय)
- काशी महाकाल एक्सप्रेस : वाराणसी से इंदौर (तृतीय)

नोट :

- ➔ विदित हो कि भारत सरकार वित्त वर्ष 2023 में 12 प्राइवेट ट्रेनों के पहले सेट का परिचालन शुरू करने की योजना बना रही है तथा वित्त वर्ष 2027 तक कुल 151 निजी ट्रेनें चलाने की योजना है।
- ➔ उल्लेखनीय है कि रेलवे की यह योजना पीपीपी मॉडल पर 5% ट्रेनों की निजीकरण करने की है।
- ➔ निजीकरण के लिए अभी तक रेलवे ने 109 रूटों का चयन किया है।

लक्ष्य—

- ➔ वित्त वर्ष 2022-23 में 12 निजी ट्रेनें
- ➔ वित्त वर्ष 2023-24 में 45 निजी ट्रेनें
- ➔ वित्त वर्ष 2025-26 में 50 निजी ट्रेनें
- ➔ वित्त वर्ष 2026-27 में 44 निजी ट्रेनें

निजीकरण के फायदे

रेलवे का क्रमबद्ध तरीके से निजीकरण किया जा रहा है, जिससे सरकार का भार कम होगा तथा भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। इससे सरकार यहां से अपना ध्यान हटाकर और किसी क्षेत्र में अधिक विकास के बारे में सोच सकेगी। रेलवे के निजीकरण के कुछ प्रमुख फायदे निम्नलिखित हैं—

- ➔ यात्रा के समय को कम करना
- ➔ सुरक्षा
- ➔ यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना
- ➔ रेलवे में नई तकनीक को लाना
- ➔ मरम्मत खर्च को कम करना
- ➔ नौकरियों को बढ़ावा देना

किसान रेल योजना

- आयोजन तिथि : 7 अगस्त, 2021
- महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक
- दूरी : 1519 किमी.
- उद्देश्य : सब्जी, फल आदि के आवागमन में किसानों को राहत देने के लिए।

सिल्वरलाइन परियोजना (केरल)

- आयोजन : जून, 2021
- कासरगोड़ (केरल) को तिरुअनंतपुरम (केरल) से
- पूरा करने का लक्ष्य : वर्ष 2025
- प्रकृति : सेमी. हाई स्पीड रेलवे प्रोजेक्ट

ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

- यह कॉरिडोर लुधियाना (पंजाब) से दानकुनी (पश्चिम बंगाल) तक विस्तारित होगा। विदित हो कि लुधियाना से सोननगर की लंबाई 1318 किमी. तथा सोननगर से दानकुनी की लंबाई 538 किमी. है। यह कॉरिडोर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और प. बंगाल को जोड़ता है।

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

- यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (महाराष्ट्र) से उत्तर प्रदेश के दादरी तक विस्तारित होगा जिसकी लंबाई 1504 किमी. होगी। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश को जोड़ता है।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के बारे में

यह उच्च गति और उच्च तकनीकी क्षमता से लैस बनाया गया विश्व स्तरीय रेलमार्ग होता है, जिसे विशेषतौर पर माल व वस्तुओं के परिवहन के लिए बनाया जाता है। जिससे लागत में कमी आती है, व्यापार में सुगमता आती है तथा माल सुगमता पूर्वक कम समय में अपने गन्तव्य पर पहुंच जाता है।

भारत में संचालित मेट्रो परियोजनाएं

परियोजना	कुल दूरी	प्रारंभ
पुणे मेट्रो	33 किमी.	6 मार्च, 2022
कोच्चि मेट्रो	25 किमी.	19 जून, 2017
हैदराबाद मेट्रो	67 किमी.	29 नवंबर, 2017
लखनऊ मेट्रो	22.90 किमी.	6 सितंबर, 2016
चेन्नई मेट्रो	54.1 किमी.	29 जून, 2015
जयपुर मेट्रो	11.98 किमी.	3 जून, 2015
मुंबई मेट्रो	11.40 किमी.	8 जून, 2014
बंगलुरू मेट्रो	48.1 किमी.	20 अक्टूबर, 2011
दिल्ली मेट्रो	389 किमी.	24 दिसंबर, 2002
कोलकाता मेट्रो	39.25 किमी.	24 अक्टूबर, 1984 (भारत में सबसे पुरानी)

उत्तर प्रदेश में संचालित/प्रस्तावित मेट्रो

परियोजना	कुल दूरी	प्रारंभ/प्रस्तावित
कानपुर मेट्रो	33 किमी.	28 दिसंबर, 2021
नोएडा मेट्रो	29.70 किमी.	25 फरवरी, 2019
गाजियाबाद मेट्रो	—	मार्च, 2019
लखनऊ मेट्रो	22.90 किमी.	6 सितंबर, 2016
गोरखपुर मेट्रो	27.41 किमी.	प्रस्तावित
आगरा मेट्रो	30.00 किमी.	प्रस्तावित/निर्माणाधीन

भारत में निर्माणाधीन/प्रस्तावित मेट्रो

परियोजना	प्रस्तावित/निर्माणाधीन
कोलकाता	108 किमी.
बंगलुरू	72 किमी.
चेन्नई	10 किमी.
कोच्चि	7.5 किमी.
जयपुर	2.5 किमी.
मुंबई	171 किमी.
हैदराबाद	26 किमी.
नागपुर	38 किमी.
अहमदाबाद	36 किमी.
लखनऊ	14 किमी.
पुणे	54 किमी.
भोपाल	28 किमी.
इंदौर	32 किमी.

जनजातीय गौरव दिवस

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर, 2021 को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मंजूरी दी है। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन किया जाएगा।

स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े आदिवासी नायक/नायिकाएं

बिरसा मुंडा

➔ बिरसा मुंडा को उनके जीवन संघर्ष के लिए भगवान का दर्जा प्राप्त है। मुंडा विद्रोह के नेतृत्वकर्ता बिरसा मुंडा का जन्म नवंबर, 1870 में हुआ था। 1 अक्टूबर, 1894 को बिरसा मुंडा के नेतृत्व में मुंडाओं ने अंग्रेजों से लगान (कर) माफी के लिए आंदोलन किया। 1895 में अंग्रेजी सैनिकों द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केंद्रीय कारागार में 2 साल के कारावास की सजा दी गई। कारावास से मुक्त होने के बाद उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति का आह्वान किया जो मार्च 1900 में उनकी गिरफ्तारी तक सतत रूप से चलता रहा। कारावास में दी गई यातनाओं के कारण जून 1900 को रांची के कारावास में उनकी मृत्यु हो गई।

सीताराम कंवर

➔ सीताराम कंवर ने 1857 की क्रांति के दौरान होल्कर और बड़वानी राज्य के नर्मदा पार के क्षेत्र में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक बड़े विद्रोह का नेतृत्व किया। कंवर ने सतपुड़ा श्रेणी के भीलों को विदेशी शासन उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित किया और पेशवा तथा तात्या टोपे के साथ स्वतंत्रता की लड़ाई में अंग्रेजों का सामना किया।

भीमा नायक

➔ ब्रिटिश शासन के दौरान बड़वानी के पंचमोहली क्षेत्र में जन्में भीमा नायक ने 1857 की क्रांति के दौरान ब्रिटिश शासन को गंभीर चुनौती दी। भीमा नायक का प्रभाव पश्चिम में राजस्थान के क्षेत्रों से लेकर पूर्व में नागपुर तक फैल चुका था। 1867 में इन्हें अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और अभियोजन में दोष सिद्ध करार दे दिए जाने के पश्चात पोर्टब्लेयर भेज दिया गया जहां 29 दिसंबर, 1876 में उनकी मृत्यु हो गई।

रघुनाथ सिंह मंडलोई

➔ रघुनाथ सिंह मंडलोई टांडा बरुद के निवासी थे और वे स्थानीय भील एवं भिलाला समुदाय के प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध हुए एक विद्रोह का नेतृत्व किया जिसके विरोध में अंग्रेजी कंपनी की सेना ने उन्हें अक्टूबर 1858 में बीजागढ़ के किले में घेर लिया और बंदी बना लिया।

सुरेंद्र साय

➔ 23 जनवरी, 1809 में संभलपुर के निकट खिंडा में जन्म लेने वाले सुरेंद्र साय ने गोंड और बिंझल जनजातीय समुदायों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी। 1862 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ किले में केंद करके रखा गया, जहां मई 1884 को उनकी मृत्यु हो गई।

टांट्या भील (Tantya Bhil)

➔ 1874 से अपनी गिरफ्तारी तक ब्रिटिश शासन के खजानों को लूटकर गरीब जनता में बांट देते थे। जीवन के अंतिम समय में वे गिरफ्तार कर लिए गए। ब्रिटिश शासन ने 19 अक्टूबर 1889 को मृत्युदंड दिया। उन्हें आदिवासियों द्वारा इंडियन रॉबिन हुड के नाम से जाना जाता है।

मंशु ओझा

➔ 1942 के ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन में बैतूल के मंशु ओझा ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध अनेक क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम दिया। नवंबर 1942 में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 20 जुलाई, 1944 तक नरसिंहपुर जेल में कैद रखकर कठोर यातनाएं दी गई। 28 अगस्त, 1981 को घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल में उनकी मृत्यु हो गई।

वीरांगना रानी दुर्गावती

➔ 5 अक्टूबर 1524 को जन्मीं रानी दुर्गावती भारत की प्रसिद्ध वीरांगना थीं। उन्होंने मध्य प्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में शासन किया। उनका राज्य गढ़मंडला था, जिसका केंद्र जबलपुर था। अपने पति गोंड राजा दलपत शाह की असमय मृत्यु के बाद पुत्र वीरनारायण को सिंहासन पर बैठाकर उसके संरक्षक के रूप में स्वयं शासन करना प्रारंभ किया।

मुड्डे बाई

➔ टुरिया शहीद मुड्डे बाई ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जंगल कानून भंग करने का नेतृत्व किया। सिवनी जिले के टुरिया ग्राम में जंगल सत्याग्रह के दौरान ब्रिटिश शासन के दमन के चलते 9 अक्टूबर 1930 को मुड्डेबाई शहीद हो गई तथा इनके साथ ही साथ इसी ग्राम की रैनो बाई और बिरजू भोई भी इस गोलीकांड में शहीद हुए थे।

रानी गैदिनल्यू

➔ रानी गैदिनल्यू (Rani Gaidinliu) एक नागा आध्यात्मिक एवं राजनीतिक नेता थीं। उनका जन्म 26 जनवरी 1915 को मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में जेलियांग्रांग जनजाति के रोंगमेई कबीले में हुआ था।

➔ मात्र 13 साल की उम्र में वह प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और धार्मिक नेता 'हाईपोउ जादोनांग' (Haipou Jadonang) के साथ जुड़ गईं और उनके सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आंदोलन में उनकी लेफ्टिनेंट बन गईं।

➔ जादोनांग भी रोंगमेई कबीले के सदस्य थे और उन्होंने अपने पैतृक नागा धर्म पर आधारित 'हेराका आंदोलन' (Heraka Movement) शुरु किया था। इस आंदोलन का लक्ष्य था, क्षेत्र में दोबारा एक स्वतंत्र नागा साम्राज्य (या नागा राज्य) स्थापित करना और अंग्रेजों को अपनी मिट्टी से भगाना था।

ऊदा देवी पासी

➔ ऊदा देवी एक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं। उन्होंने 1857 के प्रथम भारतीय सवतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सिपाहियों की ओर से युद्ध में भाग लिया। वह अवध के छठें नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते की सदस्य थीं। 16 नवंबर, 1857 को ब्रिटिश फौज का सामना करते हुए लखनऊ के सिकंदरा बाग में वीरगति को प्राप्त हो गईं।

फूलों और झानो मुर्मू

➔ फूलों और झानो मुर्मू झारखंड के संथाल जनजाति के मुर्मू कबीले की थी। उन्होंने 1855 में संथाल विद्रोह में भाग लिया था।

हेलेन लेप्चा (Helen Lepcha)

➔ दार्जिलिंग, सिक्किम के लेप्चा जनजाति की हेलेन लेप्चा ने आदिवासियों की जल-जंगल और जमीन छीन लेने के बाद अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश शासन के साथ लंबा संघर्ष किया।

पुतली माया तमांग

➔ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली एक आदिवासी नेता थीं, जिन्हें 'पुतली देवी' के नाम से भी जाना जाता है।

मध्य प्रदेश आदिवासी आउटरीच कार्यक्रम

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर 'आदिवासी पहुंच कार्यक्रम' (Tribal Outreach Programme) शुरू किया गया है। आदिवासी/जनजातीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे उपाय—

- अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पारंपरिक ग्राम सभाओं के माध्यम से स्व-शासन सुनिश्चित करने हेतु 'पंचायत अधिनियम, 1996' को लागू किया जाएगा।
- आदिवासियों के प्रमुख पेय 'महुआ' को वैध बनाना। इसकी 'विरासत शराब' (Heritage Liquor) के रूप में बिक्री की जाएगी।
- सभी 89 आदिवासी प्रखंडों में सार्वजनिक वितरण के तहत वितरित खाद्यान्न की होम डिलीवरी किए जाने की भी घोषणा की गई है।
- छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम 'शंकर शाह' के नाम पर रखा जाएगा। सुमेर शाह के पुत्र शंकर शाह, गोंड शासन के तहत 'गढ़ा साम्राज्य' के अंतिम शासक थे।
- 'तांत्या भील' के नाम पर रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप के नाम परिवर्तित किए जाएंगे तथा खंडवा में उनके नाम पर एक स्मारक का निर्माण किया जाएगा।
- मंडला में एक मेडिकल कालेज का नाम राजा 'हिरदे शाह लोधी' के नाम पर रखा जाएगा। राजा हिरदे शाह लोधी काशी से जा कर मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में बस गए थे। उनके पूर्वजों ने वर्तमान दमोह में अपना राज्य स्थापित किया था। उस समय यह क्षेत्र गोंड शासकों के अधीन था।
- भोपाल के 'हबीबगंज स्टेशन' का नाम बदलकर गोंड रानी 'रानी कमलापति' रखा गया है।
- आदिवासी कला और संस्कृति में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राजा संग्राम शाह पुरस्कार शुरू किए जाने की घोषणा की गई है। वह 'गढ़ा साम्राज्य' के 48वें गोंड शासक थे।

ट्राइब्स इंडिया कॉन्क्लेव

- अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को समृद्ध आदिवासी विरासत से परिचित कराने हेतु नई दिल्ली स्थित 'दिल्ली हाट' में 'ट्राइब्स इंडिया महोत्सव' में एक 'ट्राइब्स इंडिया कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन 'ट्राइफेड' द्वारा केंद्रीय विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में भारत में 20 से अधिक विदेशी मिशनों के लगभग 100 राजनयिकों के अलावा विदेश मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। विदित हो कि यह महोत्सव वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।

आदिवासियों से जुड़े संग्रहालय

बिरसा मुंडा स्मृति संग्रहालय

आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवम्बर, 2021 को रांची में 'भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' का उद्घाटन किया।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बनेगा जनजातीय संस्कृति पर आधारित संग्रहालय

मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के आसपास बसे आदिवासियों की संस्कृति से पर्यटकों को परिचित कराने के लिए एक संग्रहालय की स्थापना होगी, जिसमें जनजातीय संस्कृति के विविध रंग-रूप दिखाई देंगे। टाइगर रिजर्व के ताला क्षेत्र में बनने वाले इस संग्रहालय में आदिवासियों के रहन-सहन, उनकी संस्कृति, खानपान और बसाहट का चित्रण होगा और इसके साथ एक सर्व सुविधायुक्त पुस्तकालय भी बनेगा।

रानी गैदिनल्यू आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 नवम्बर, 2021 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के लुआंगकोओ गांव में 'रानी गैदिनल्यू आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' की आधारशिला रखी। जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आदिवासी गौरव दिवस पर की गयी थी। इस संग्रहालय में, ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ाई के विभिन्न चरणों जैसे एंग्लो-मणिपुरी युद्ध, कुकी-विद्रोह, नागा-राज आंदोलनों में शामिल मणिपुर के जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी वस्तुओं को संरक्षित एवं प्रदर्शित किया जाएगा।

10 राज्यों में स्थापित किये जायेंगे जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर,2021) के अवसर पर केन्द्रीय सरकार ने विदेशी औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष करने वाले जनजातियों के योगदान को मान्यता देने के लिये 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को समर्थन' की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत 10 राज्यों में 'जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' स्थापित को मंजूरी दी है। वे **गुजरात के राजपिपला, झारखंड के रांची, आंध्र प्रदेश के लम्बासिंगी, छत्तीसगढ़ के रायपुर, केरल के कोझिकोड, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, तेलंगाना के हैदराबाद, मणिपुर के तामेंगलांग, मिजोरम के केलसिह और गोवा के पोंडा** में स्थापित किये जाएंगे।

चर्चित प्रतिमाएं

ऑस्ट्रेलिया से 29 प्राचीन भारतीय धरोहरों की वापसी

- 21 मार्च, 2022 को ऑस्ट्रेलिया ने 23 प्राचीन भारतीय धरोहरों को भारत को सौंपा। इनमें भगवान शिव, भगवान विष्णु और जैन धर्म से संबंधित कलाकृतियां, सजावटी वस्तुएं और पेंटिंग्स हैं।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार ये पुरावशेष और कलाकृतियां विभिन्न समयावधि की है, जिनमें सबसे पुरानी कलाकृति नौंवी-दसवीं सदी की है।
- विदित हो कि इन पुरावशेषों को बलुआ पत्थर, संगमरमर, कांस्य और पीतल से बनाया गया है और ये ऐतिहासिक धरोहरें राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और बंगाल से संबंधित हैं।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2014 से मार्च, 2022 तक 228 पुरावशेषों को विदेशों से भारत वापस लाया गया जबकि वर्ष 1976 से वर्ष 2013 तक मात्र 13 पुरावशेष वापस लाए गए।
- विभिन्न समय में विदेशों से लाए गए कुछ प्रमुख पुरावशेष निम्नलिखित हैं—

➔ **अवलोकितेश्वर पद्मपाणि की प्रतिमा** : कुछ वर्ष पूर्व बिहार के गया में स्थित कुंडलपुर मंदिर से चोरी की गई अवलोकितेश्वर पद्मपाणि की प्रतिमा को फरवरी, 2022 में इटली से वापस लाया गया। यह प्रतिमा हजार साल से भी ज्यादा पुरानी है।

➔ **भगवान आंजनेय्यर की प्रतिमा** : फरवरी, 2022 में तमिलनाडु के वेल्लूर से चोरी हुई 600 से 700 साल पुरानी भगवान आंजनेय्यर की प्रतिमा को ऑस्ट्रेलिया से वापस लाया गया।

➔ **बकरी के सिर वाली योगिनी की मूर्ति** : 15 जनवरी, 2022 को भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा घोषणा की गई कि उत्तर प्रदेश के बांदा के लोखरी गांव के एक मंदिर से अवैध रूप से हटाई गई 10वीं शताब्दी की 'बकरी के सिर वाली योगिनी की पत्थर की मूर्ति को लंदन से वापस भारत लाया जायेगा। विदित हो कि इस प्रतिमा का 1980 के दशक में अवैध रूप से हटाया गया था। उल्लेखनीय है कि योगिनियां 'तांत्रिक पूजा पद्धति' से जुड़ी शक्तिशाली महिला देवताओं का एक समूह है।

➔ **देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति :** नवंबर, 2021 में कनाडा से एक सदी के बाद देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति को वापस लाया गया। जिसे वर्ष 1913 के आसपास तस्करी कर देश से बाहर ले जाया गया था। इस प्रतिमा को उसके मूल स्थान काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी में पुनः स्थापित किया जायेगा। विदित हो कि बनारस शैली में निर्मित 18वीं शताब्दी की यह मूर्ति, कनाडा के रेजिना विश्वविद्यालय में मैकेंजी ऑर्ट गैलरी में संग्रह का हिस्सा थी।

स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी

- फरवरी, 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11वीं सदी के संत रामानुजाचार्य की स्मृति में हैदराबाद में 216 फीट ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी' का अनावरण किया। विदित हो कि इस मूर्ति को पांच धातुओं सोना, चांदी, तांबा, पीतल और जस्ते के संयोजन से बनाया गया है। इस प्रतिमा को 54 फीट ऊंची बेस बिल्डिंग पर लगाया गया है, जिसे 'भद्र वेदी' कहा जाता है।

आदिशंकराचार्य

- नवंबर, 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के केदारनाथ में आदिशंकराचार्य की 12 फुट की प्रतिमा का अनावरण किया। विदित हो कि उनका जन्म 11 मई, 788 ईस्वी को कोच्चि, केरल के पास कलाड़ी नामक सथान पर हुआ था। वे शिव के भक्त थे तथा 33 वर्ष की आयु में उन्होंने केदार तीर्थ में समाधि ले ली। उन्होंने अद्वैतवाद के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और संस्कृत में वैदिक सिद्धांत (उपनिषद, ब्रह्मसूत्र और भगवतगीता) पर कई टिप्पणियां लिखी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण

- 23 जनवरी, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया है। इस प्रतिमा का आकार 28 फीट ऊंचा और 6 फीट चौड़ा है। विदित हो कि भारत सरकार ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है और नेताजी की ग्रेनाइट से बनी प्रतिमा जब तक तैयार नहीं हो जाती है तब तक उसकी जगह होलोग्राम मूर्ति उसी तरह स्थापित रहेगी।

स्टैच्यू ऑफ पीस

- 16 नवंबर, 2021 को 151 इंच ऊंची अष्ट धातु की बनी 'स्टैच्यू ऑफ पीस' (शांति प्रतिमा) को राजस्थान के पाली में स्थित विजय वल्लभ साधना केंद्र में स्थापित किया गया। विदित हो कि जैनाचार्य श्री विजय वल्लभ सुरीश्वर जी महाराज के सम्मान में लगाई गई इस प्रतिमा को 'स्टैच्यू ऑफ पीस' नाम दिया गया है। आचार्य विजय वल्लभ जैन धर्म के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के संत थे। इनका जन्म 1870 ई. में बड़ौदा, गुजरात में हुआ था।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

- 31 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 143वीं जयंती पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) का अनावरण किया। यह वर्तमान में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। विदित हो कि गुजरात में बड़ोदरा के पास नर्मदा जिले में स्थित सरदार सरोवर बांध से 3.5 किमी. दूर राजपिपला के निकट साधुबेट नामक नदी द्वीप पर 182 मीटर ऊंची सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को लगाया गया है। इस प्रतिमा की डिजाइन को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित मूर्तिकार 'राम वनजी सुतर' द्वारा तैयार किया गया था जिसे लार्सन एवं टुब्रो कंपनी द्वारा तैयार किया गया।

भारत के बंदरगाह

बंदरगाह

बंदरगाह किसी बड़े जलनिकाय से जुड़ा हुआ एक छोटा जल समूह होता है, जहाँ जलयान, बड़े-बड़े जहाज, नाव आदि आश्रय लेतें हैं। बंदरगाह जलयानों के रूकने का एक सुरक्षित स्थान होता है। चाहे यहाँ से व्यापार किया जाए या नहीं। बंदरगाह के लिए यह जरूरी नहीं होता है कि इसमें तटवर्ती सुविधाएं हों। व्यापार करने के लिए तटवर्ती सुविधाओं का विकास किया जाता है। बंदरगाह दो प्रकार के होते हैं—

1. प्राकृतिक बंदरगाह, **2.** मानव निर्मित/कृत्रिम बंदरगाह।

1. प्राकृतिक बंदरगाह : समुद्री लहरों से मुक्त प्रकृति द्वारा निर्मित वह क्षेत्र जो जहाजों, जलयानों, नावों आदि के रूकने के अनुकूल हो उसे प्राकृतिक बंदरगाह कहते हैं।

2. मानव निर्मित/कृत्रिम बंदरगाह बंदरगाह : व्यापार की सुगमता के लिए मानव द्वारा निर्मित किये बंदरगाह को मानव निर्मित या कृत्रिम बंदरगाह कहते हैं। भारत में 7517 किमी. लम्बी तट रेखा पर 13 बड़े तथा लगभग 200 छोटे व मध्यम बंदरगाह (प्राकृतिक + कृत्रिम) स्थित हैं। भारत के बड़े बंदरगाहों का नियंत्रण एवं प्रबन्धन जहाजरानी मंत्रालय के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है, जबकि छोटे तथा मध्यम बन्दरगाहों का नियंत्रण एवं प्रबन्धन सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

भारत के 13 प्रमुख बड़े बंदरगाह

नाम	अवस्थिति	विशेष
मुम्बई	पश्चिमी तट, महाराष्ट्र	यह देश का सबसे बड़ा वर्ष पर्यन्त खुला रहने वाला प्राकृतिक बंदरगाह है, जो मुम्बई के पास सालसेट द्वीप पर स्थित है। व्यापार की सुगमता के लिए इसे भारत सरकार द्वारा विकसित कर दिया गया है। वर्तमान में यह भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह है।
न्हावा शेवा या जहावाहर लाल नेहरू बंदरगाह	पश्चिमी तट, न्यू मुम्बई, महाराष्ट्र	मुम्बई बंदरगाह से भीड़ को कम करने के लिए मुम्बई के पास इस बंदरगाह का आधुनिक तरीके से निर्माण किया गया है। यह पूर्णतः यंत्रचालित बंदरगाह है जिसका नाम बदलकर जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह कर दिया गया है। यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर पत्तन है।
कांडला	पश्चिमी तट, गुजरात	यह गुजरात में कच्छ की खाड़ी में स्थित भारत का सबसे बड़ा ज्वारीय बंदरगाह है। यह भारत का प्रथम मुक्त व्यापार क्षेत्र वाला बंदरगाह है। अक्टूबर, 2017 में इसका भी नाम बदलकर *दीनदयाल बन्दरगाह* कर दिया गया।
मॉर्मुगाओ	पश्चिमी तट, गोवा	गोवा की जुवारी/जुआरी नदी के मुहाने पर स्थित यह बंदरगाह 1970 तक भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह था।
न्यू मंगलोर	पश्चिमी तट, कर्नाटक	कोच्चि व मॉर्मुगाओ के मध्य पश्चिमी घाट पर स्थित अपेक्षाकृत सबसे छोटा बंदरगाह है।
कोचीन या कोच्चि	पश्चिमी तट, केरल	बेम्बनाद झील के मुहाने पर स्थित यह भी एक प्राकृतिक बंदरगाह है, जो वर्ष भर खुला रहता है। इस बंदरगाह को *पूरब का वेनिस* कहा जाता है।

तूतीकोरिन	पूर्वी तट, तमिलनाडु	यह भारत की मुख्य भूमि के दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित है, जिसका नाम बदलकर चिदम्बरम पोर्ट कर दिया गया है।
चेन्नई	पूर्वी तट, तमिलनाडु	यह भारत के प्राचीनतम कृत्रिम बंदरगाहों में एक है। पहले तट पर पानी की कमी के कारण बड़े जलयान किनारे तक नहीं आ पाते थे लेकिन बाद में कृत्रिम रूप से गहरा किया गया। यह वर्तमान में मुम्बई के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है।
विशाखापत्तनम	पूर्वी तट, आन्ध्र प्रदेश	यह आन्ध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के तट पर स्थित है तथा यह भारत का सबसे गहरा बंदरगाह है। इस बंदरगाह के निकट 'डालफिन पहाड़ी' स्थित होने के कारण यह तेज समुद्री हवाओं से सुरक्षित रहता है।
पाराद्वीप	पूर्वी तट, उड़ीसा	यह पोताश्रय की दृष्टि से सबसे गहरा बंदरगाह है।
कोलकाता	पूर्वी तट, पश्चिम बंगाल	यह एक प्राकृतिक और ज्वारीय बंदरगाह है। यह बंगाल की खाड़ी से 128 किमी. दूर हुगली नदी के तट पर अवस्थित है। इसके प्रमुख पोताश्रय खिदिरपुर और डायमण्ड हार्बर है। कोलकाता बंदरगाह से भार को कम करने के लिए कोलकाता से 100 किमी. दूर हल्दिया में सहायक बंदरगाह का निर्माण किया गया है, जो एक पूर्णतः प्राकृतिक व नदीय पत्तन है। जनवरी, 2020 में इसका नाम बदलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह कर दिया गया।
पोर्ट-ब्लेयर	बंगाल की खाड़ी, अण्डमान निकोबार	यह अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित भारत का 13वाँ सबसे बड़ा बंदरगाह है, जिसे 1 जून, 2010 को बड़े बंदरगाहों की सूची में शामिल किया गया। यह भारत की मुख्य भूमि को अण्डमान निकोबार द्वीप समूह से जोड़ता है।
एन्नोर	पूर्वी तट, तमिलनाडु	यह स्वतंत्र भारत का पहला प्राइवेट/निगमीकृत (Corporatized) बंदरगाह है। यह देश का पहला और सबसे बड़ा कम्प्यूटराइज्ड बंदरगाह है। यह चेन्नई के 24 किमी. उत्तर में स्थित चेन्नई बंदरगाह का सहायक बंदरगाह है। फरवरी, 2014 में इसका नाम 'एन्नोर पोर्ट' लिमिटेड से बदलकर 'कामराज पोर्ट लिमिटेड' कर दिया गया। इसका परिचालन 2001 में प्रारंभ किया गया था।
Note : पीपावाह	पश्चिमी तट, गुजरात	यह भारत का पहला पूर्ण रूप से एकल स्वामित्व वाला निजी बंदरगाह है। इसकी स्थापना 1996 में निखिल गाँधी द्वारा गुजरात के अमरेली जिले में कराई गई थी।

निर्मित/निर्माणाधीन सुरंगे एवं पुल अद्यतन

अटल सेतु : जनवरी, 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे पुल (21.8 किमी. लंबा) का उद्घाटन किया। यह मुंबई के सेवरी से होकर रायगढ़ जिले के उरण तालुका में न्हावा सेवा पर समाप्त होता है। इसे अधिकारिक रूप से अटल सेतु न्हावा सेवा सी लिंक के नाम से जाना जाता है।

T-49 सुरंग : यह भारतीय रेलवे की सबसे लम्बी सुरंग है, जिसकी लम्बाई 12.758 किमी. है। यह 1400 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो **उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना** के सुंबर और अर्पिंचला स्टेशन के बीच स्थित है। यह कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ती है।

पीर पंजाल सुरंग : यह भारतीय रेलवे की दूसरी सबसे लम्बी सुरंग है, जिसकी लम्बाई 11.2 किमी. है। यह सुरंग भी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है।

T-77 डी सुरंग : यह भारतीय रेलवे की घुमावदार सुरंग है, जिसकी लम्बाई 1.911 किमी. है। यह सुरंग भी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है।

शिंकुला सुरंग : 4.25 किमी. लम्बी निर्माणाधीन यह सुरंग जास्कर पर्वत श्रेणी को काटकर हिमाचल प्रदेश में बनाई जा रही है, जो निर्माणाधीन दुनिया की सबसे ऊँची (16,580 फीट) सुरंग है। इसका निर्माण BRO द्वारा किया जा रहा है।

सोला सुरंग : यह ब्रम्हपुत्र नदी के नीचे 14 किमी. लम्बी निर्माणाधीन सुरंग है, जो असम को अरूणाचल प्रदेश से जोड़ेगी।

जोजिला सुरंग : 14.15 किमी. लम्बी निर्माणाधीन यह सुरंग भारत की सबसे लम्बी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लम्बी द्वि-दिशात्मक सुरंग है, जो लेह को द्रास, जम्मू-कश्मीर से जोड़ेगी।

अटल सुरंग : हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे के पास निर्मित यह सुरंग 10,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित विश्व की सबसे लम्बी हाइवे सुरंग है जिसकी लम्बाई 8.8 किमी. है।

बनिहाल-काजी गुंडी रोड सुरंग : 8.5 किमी. लम्बी यह सुरंग श्रीनगर को जम्मू से जोड़ती है, जो पीपंजाल श्रेणी में स्थित है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुरंग : 9.34 किमी. लम्बी यह सुरंग जम्मू को श्रीनगर से जोड़ती है।

भारत की पहली चल सुरंग : क्रान्तिवीरा संगोल्लि रायाण्ण रेलवे स्टेशन पूर्व नाम बेंगलुरू सिटी रेलवे स्टेशन पर भारत की पहली चल सुरंग का निर्माण किया गया है।

रोपवे

वाराणसी रोपवे– उत्तर प्रदेश का वाराणसी शहर सार्वजनिक परिवहन में रोपवे सेवाओं का उपयोग करने वाला भारत का पहला शहर होगा। जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह बोलीविया और मैक्सिको सिटी के बाद सार्वजनिक परिवहन में रोपवे का उपयोग करने वाला विश्व का तीसरा शहर है।

गुवाहाटी नदी रोपवे– यह भारत का सबसे लम्बा नदी रोपवे है, जो गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर अवस्थित है, जिसकी लम्बाई 1.8 किमी. है।

देश का पहला केबल रेल ब्रिज : यह भारतीय रेलवे का देश में निर्माणधीन 'पहला केबल रेल ब्रिज' है। जिसका निर्माण अंजी नदी पर किया जा रहा है, जो जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है। इसकी लम्बाई 473.25 मीटर है।

दुनिया का सबसे ऊँचा पियर ब्रिज : मणिपुर में दुनियाँ के सबसे ऊँचे स्तम्भ वाला पुल निर्माणाधीन है, जिसके स्तम्भ की ऊँचाई 141 मी. व इस पुल की लम्बाई 703 मीटर होगी। इसे नोनी वैली के पास इजाई नदी पर बनाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज : जनवरी, 2020 में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के फाफामऊ में गंगा नदी के ऊपर प्रदेश के पहले डबर डेकर ब्रिज बनाये जाने की घोषणा की। इस पुल पर रिवाल्विंग रेस्टोरेंट भी होगा।

बोगीबील सड़क-रेल पुल : यह असम के डिब्रूगढ़ को अरूणाचल प्रदेश के पासीघाट से जोड़ने वाला देश का सबसे लम्बा सड़क और रेल पुल है, जिसे ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया गया है, जिसकी लम्बाई 4.94 किमी. है।

चिनाब रेलवे पुल : यह भारतीय रेलवे का दुनियाँ का सबसे ऊँचा निर्माणाधीन पुल है, जिसकी ऊँचाई 359 मीटर है।

मैत्री सेतु : यह पुल भारत और बांग्लादेश के बीच फेनी नदी पर बनाया गया है, जिसकी लम्बाई 1.9 किमी. है। यह पुल भारत के सबरूम को बांग्लादेश के रामगढ़ से जोड़ता है।

ढोला-सादिया पुल : यह असम में ब्रह्मपुत्र की सहायक लोहित नदी पर बना देश का सबसे लम्बा सड़क पुल है, जिसकी लम्बाई 9.15 किमी. है। इसे भूपेन हजारिका पुल भी कहते हैं।

भारत की जल विद्युत परियोजनाएँ

जलविद्युत परियोजना

बहते हुए जल की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने की योजना को जलविद्युत परियोजना कहते हैं। इनमें नदियों पर बाँध बनाकर जल की गतिज ऊर्जा को पहले स्थितिज ऊर्जा में बदला जाता है फिर स्थितिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदला जाता है। जलविद्युत उत्पादन की दृष्टि से भारत का विश्व में सातवाँ स्थान है। भारत की पहली जलविद्युत परियोजना पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में वर्ष 1897 में सिद्रापोग नदी पर स्थापित की गयी थी, जिसकी विद्युत उत्पादन क्षमता 130 मेगावाट थी। इसके बाद वर्ष 1902 में कर्नाटक के शिवसमुद्रम में कावेरी नदी पर 130 किलोवॉट की क्षमता का दूसरा जल विद्युत गृह बनाया गया। भारत की नवीनतम व कुछ चर्चित जलविद्युत परियोजनाओं का वर्णन निम्नलिखित है।

परियोजना का नाम	अवस्थित	नदी	क्षमता	स्थिति/विशेष
क्वार जलविद्युत परियोजना	किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	540 मेगावाट	निर्माणाधीन
पाकल दुल परियोजना	किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर	मरुसादर	1000 मेगावाट	निर्माणाधीन
दुलहस्ती परियोजना	किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	390 मेगावाट	निर्मित
सलाला परियोजना	रियासी, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	690 मेगावाट	निर्मित
रटले परियोजना	किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	850 मेगावाट	निर्माणाधीन
बागलीहार जलविद्युत परियोजना	डोडा, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	850 मेगावाट	निर्मित
किरू जलविद्युत परियोजना	डोडा, जम्मू-कश्मीर	चिनाब	624 मेगावाट	निर्माणाधीन
प्यासी जलविद्युत परियोजना	उत्तराखण्ड	यमुना	120 मेगावाट	निर्मित
लखवार जलविद्युत परियोजना	उत्तराखण्ड	यमुना	300 मेगावाट	निर्माणाधीन
रेणुका जी जलविद्युत परियोजना	हिमाचल प्रदेश	गिरि	40 मेगावाट	निर्माणाधीन
खोलोंगंछु जलविद्युत परियोजना	भुटान	खोलोगंछु	600 मेगावाट	निर्माणाधीन (भारत के सहयोग से)
लुहरी स्टेज-1 जलविद्युत परियोजना	हिमाचल प्रदेश	सतलज	210 मेगावाट	निर्माणाधीन
टिहरी-2	उत्तराखण्ड	भागीरथी	1000 मेगावाट	निर्माणाधीन
तपोवन विष्णुगढ़	उत्तराखण्ड	धौलीगंगा	520 मेगावाट	निर्माणाधीन
विष्णुगढ़-पीपलकोठी	उत्तराखण्ड	अलकनंदा	444 मेगावाट	निर्माणाधीन
सिंगोली भटवारी	उत्तराखण्ड	मंदाकिनी	99 मेगावाट	निर्माणाधीन
फटा भुयांग	उत्तराखण्ड	मंदाकिनी	76 मेगावाट	निर्माणाधीन
मध्य महेश्वर	उत्तराखण्ड	मध्यमहेश्वर गंगा	15 मेगावाट	निर्माणाधीन
काली गंगा-2	उत्तराखण्ड	काली गंगा	6 मेगावाट	निर्माणाधीन
एटालिन जलविद्युत परियोजना	अरूणाचल प्रदेश	दिबांग	3097 मेगावाट	निर्माणाधीन
डगमरी जलविद्युत परियोजना	बिहार	कोसी	130 मेगावाट	निर्माणाधीन
लोअर अरूण जलविद्युत परियोजना	पूर्वी नेपाल	अरूण	679 मेगावाट	निर्माणाधीन (भारत के सहयोग से निर्मित हो रही है)
त्रिशुली जलविद्युत परियोजना	नेपाला	त्रिशुली	21 मेगावाट	निर्माणाधीन (भारत के सहयोग से निर्मित हो रही है)
अरूण-3 जलविद्युत परियोजना	नेपाला	अरूण	900 मेगावाट	निर्माणाधीन (भारत के सहयोग से निर्मित हो रही है)
कोहला जलविद्युत परियोजना	POK	झेलम	1124 मेगावाट	निर्माणाधीन
नोट- इस परियोजना का निर्माण चीन द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के हिस्से के रूप में झेलम नदी पर किया जा रहा है।				
पंचेश्वर परियोजना	पूर्वी उत्तराखण्ड	काली	6840 मेगावाट	निर्माणाधीन
नोट- यह भारत और नेपाल की संयुक्त बहुउद्देश्यीय परियोजना है।				
तांकुल परियोजना	चीन, नेपाल, सीमा के पास उत्तराखण्ड, भारत	सिनखोला	12 मेगावाट	निर्माणाधीन

◆◆◆